राज्य् सभा

अतारांकित प्रश्ना संख्या 1179

6 मई, 2015 को उत्तयर के लिए

झारखंड में सेल तथा एनएमडीसी द्वारा इस्पात संयंत्रों की स्थापना

1179. श्री हरिवंश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) द्वारा झारखंड के गोविंदपुर, चक्रधरपुर और कुमारडुंगी में इस्पात संयंत्रों को स्थापित करने की योजना कब कार्यान्वित की जाएगी;

(ख): केन्द्र सरकार द्वारा इन तीनों स्थलों की पहचान किए जाने के बावजूद इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है; और

(ग): यदि हां, तो क्या सरकार के पास इन इस्पात संयंत्रों की स्थापना करने के लिए कोई समयबद्ध योजना है तत्संडबंधी ब्योौरा क्या है; और

(घ): यदि हां, तो इन तीनों संयंत्रों से जुड़े कार्य कब तक पूरे किये जाएंगे, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तघर

इस्पा्त और खान राज्यं मंत्री **(श्री विष्णुदेव साय)**

(क): स्टी ल अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) अथवा नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएमडीसी) ने झारखण्डल के गोविन्दसपुर, चक्रधरपुर और कुमारडुंगी में इस्पा त संयंत्रों की स्थाशपना करने की कोई योजना/स्की्म नहीं बनाई है।

(ख) से (घ): प्रश्नट नहींउठता।

***